सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

File No. Tour Report/State/2022-Coord. Dated: 12.07.2022

To

1. **The Chief Secretary,**
   Govt. of Madhya Pradesh,
   MP Mantralaya, Vallabh Bhawan,
   Bhopal – 462004.
   (Madhya Pradesh).
   Email: cs@mp.nic.in

2. **The District Collector,**
   District Jhabua,
   Jhabua-457661,
   (Madhya Pradesh).
   Email: dmjhabua@nic.in

**Sub: Tour Report of Shri Harsh Chouhan, Hon'ble Chairperson, NCST to the State of Madhya Pradesh (District – Jhabua) from 19th November to 23rd November, 2021.**

Sir,

I am directed to enclose a copy of Tour Report of Shri Harsh Chouhan, Hon'ble Chairperson, NCST to the State of Madhya Pradesh (District – Jhabua) from 19th November to 23rd November, 2021 for ready reference on the subject cited above.

2. It is, therefore, requested that appropriate action may be taken on the points raised / recommendations in the Tour Report may be furnished the Report to the Commission at the earliest.

(Encl: as above)

Yours faithfully,

**(S. P. Meena)**
**Deputy Director**
Tel: 011-24657272.
Email: assttdir.ru2@ncst.nic.in

Copy for information to:

1. NIC (for uploading on the website of the Commission).

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
## प्रवास प्रतिवेदन

| | |
|---|---|
| 1. दौरा करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम | श्री हर्ष चौहान<br>माननीय अध्यक्ष<br>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली<br><br>श्री अभय आलोडे<br>अध्यक्ष के निजी सहायक |
| 2. दौरे की तिथि | 19 से 23 नवम्बर 2021 |
| 3. दौरा किये गये स्थान | 1. मानगढ़ धाम, राजस्थान<br>2. शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद, झाबुआ, मध्य प्रदेश |

4. मुख्य अधिकारीगण/संगठनों/व्यक्तियों से मिले –

| | |
|---|---|
| | श्री रामसिंह राठवा, अध्यक्ष, ट्राइफेड (TRIFED) |
| | डॉ. कुबेरभाई मनसुखभाई डिंडोर, गुजरात कैबिनेट राज्य मंत्री, उच्चतर और तकनीकी शिक्षा, विधायी और संसदीय कार्य। |
| | श्री कनकमल कटारा, संसद सदस्य, बांसवाड़ा लोकसभा |
| | सुश्री मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, महापौर, इंदौर, मध्यप्रदेश |
| | श्री महेश शर्मा, पद्म श्री, झाबुआ, मध्य प्रदेश |
| | श्री राजाराम कटारा, शिवगंगा संस्था, झाबुआ, मध्यप्रदेश |
| | श्री वी.के. शुक्ला, सहायक आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग, जिला इंदौर (म.प्र.) |
| | श्री भंवर सिंह, शिवगंगा संस्था, झाबुआ, मध्यप्रदेश |
| | श्री विश्वदीप सिंह गोयल, सहायक आयुक्त जनजातीय, दाहोद, गुजरात |
| | श्री कैलाश गर्ग, खंड विकास अधिकारी, मानगढ़ धाम, राजस्थान |
| | श्री पर्वत सिंह, उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा, राजस्थान |

Harsh Chouhan


हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India

5. **21 नवंबर 2021 को राष्ट्रिय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष ने "शहीद स्थल" मानगढ़ धाम, राजस्थान का दौरा किया।**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने मानगढ़ धाम, राजस्थान के "शहीद स्थल" का दौरा किया जहां ब्रिटिश सैनिकों द्वारा आध्यात्मिक गुरू गोविंद की गिरफ्तारी तथा मौत की सजा के आदेश के बाद हंगामे के दौरान ब्रिटिश सैनिकों द्वारा 1507 जनजातियों की हत्या कर दी गई थी। जनजाति गुरू गोविंद को स्वतंत्र करने की मांग कर रहे थे। वे गुरू गोविंद को कारागार से मुक्त करने के लिए ब्रिटिश सैनिकों के साथ इस संघर्ष में लड़े और मारे गए। यह भारत के इतिहास में पहली घटना थी कि ब्रिटिश द्वारा मौत की सजा के आदेश को रद्द कर दिया गया था जिसे भारत के इतिहास में लिखा नहीं गया। जनजातियों के इस बलिदान को मान्यता दिलाने के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस "शहीद स्थल" का दौरा किया।



**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष का मानगढ़ धाम में (बाएं से दाएं) श्री रामसिंह राठवा, अध्यक्ष, ट्राइफेड, श्री कनकमल कटारा, संसद सदस्य, बांसवाडा लोकसभा, डॉ. कुबेरभाई मनसुखभाई डिंडोर, गुजरात कैबिनेट राज्य मंत्री, उच्चतर और तकनीकी शिक्षा, विधायी और संसदीय कार्य और श्री महेश शर्मा, पद्म श्री, झाबुआ, मध्य प्रदेश द्वारा स्वागत किया गया।**



**माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भगवान बिरसा मुंडा और गुरू गोविंद के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया।**

Harsh Chouhan

हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India

बांसवाड़ा राजस्थान के जनजातियों द्वारा ब्रिटिशों के साथ न्याय के लिए हुए संघर्ष और योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए संपूर्ण भारत के विभिन्न स्थानों से मानगढ़ धाम पर लगभग दो सौ बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस "स्वाभिमान जागरण-मानगढ़ धाम दर्शन यात्रा" के अवसर पर शहीद स्थल पर तीन सौ जनजातियों के प्रतिनिधि एकत्रित हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।




**भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ के माननीय अध्यक्ष, श्री रामसिंह राठवा ने जनजातीय प्रतिनिधियों को संबोधित किया।**





**बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के माननीय सांसद ने मानगढ़ धाम में जनजातीय प्रतिनिधियों को संबोधित किया। समारोह में सांसद श्री कनकमल कटारा ने मानगढ़ घटनाक्रम से जुड़ी जानकारी देते हुए जनजातियों के आस्था केंद्र को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के लिए ज्ञापन दिया।**

राष्ट्रीय जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष, श्री हर्ष चौहान ने कहा कि जलियावाला बाग से पहले मानगढ़ हत्याकांड हुआ, जिसे देश के इतिहास में समय रहते यथोचित स्थान नहीं मिल पाया, जिसके कारण यह शहीदस्थल उपेक्षित रहा। मानगढ़ धाम के घटनाक्रम व गुरु गोविंद के जीवन चरित्र



Harsh Chouhan
हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson

को इतिहास में स्थान देकर मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर इसे योजनाबद्ध विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्य धूणी पर नमन कर गोविंद गुरु की प्रतिमा की आरती उतारी। साथ ही मानगढ़ घटनाक्रम से जुड़े शिलालेखों और यहां बनाए गए संग्रहालय का अवलोकन किया। आयोग के अध्यक्ष का सांसद कनकमल कटारा, संप सभा के लालशंकर पारगी, मोतीलाल पटेल, भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू मईड़ा, जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर मईड़ा, जिपस राजेश कटारा, कृष्णा कटारा, खेमराज गरासिया, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विनोद डामोर, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतमलाल पारगी, डूंगरपुर जिलाध्यक्ष कांतिलाल डामोर, वासुदेव बरजोड़, जिला आईटी प्रभारी डूंगरपुर, रामसिंह रेठवा सरदार मछार, आदि ने स्वागत अभिनंदन किया।



**''स्वाभिमान जागरण-मानगढ़ धाम दर्शन यात्रा'' के अवसर पर मानगढ़ धाम में उपस्थित जनजातीय प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने संबोधित किया।**


राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष, श्री हर्ष चौहान के रविवार को मानगढ़ आगमन के दौरान विद्या भारती जनजाति समिति राजस्थान के पदाधिकारियों ने भेंट कर जनजाति क्षेत्र के शहीद स्थल मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा समिति के मंत्री डा. राकेश डामोर, सहसचिव नारायणलाल गमेती व अन्य पदाधिकारियों ने दिए। ज्ञापन में जनजाति क्षेत्र के कई बिन्दुओं, कला, संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षण देने के लिए सहयोग।

Harsh Chouhan

हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi




राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्मारक का दौरा किया जहां शहीद जनजातियों के नाम पत्थर पर अंकित थे।



श्री कनकमल कटारा, माननीय संसद सदस्य, बांसवाड़ा, माननीय अध्यक्ष को ''शहीद स्थल'' के संबंध में मार्गदर्शन सहित उनकी प्रतिकृति दिखाते हुए।

Harsh Chouhan

हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India



**आध्यात्मिक गुरू श्री गोविंद गुरू की प्रतिमा स्थल पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष**

6. **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने दिनांक 22 नवम्बर, 2021 को शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद्, झाबुआ, मध्य प्रदेश का दौरा किया।**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने जनजातीय विद्यार्थियों के प्रतिधिनियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने गांवों का विकास कैसे करना चाहिए और यह राष्ट्र-निमार्ण में कैसे योगदान दे सकता है। लोगों में जनजातियों की छवि या अनुभव या बातचीत या चलचित्र में दिखाए गए अवधारण से विकसित होती है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि धारणा और वास्तविकता के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है और अब जनजातियों को बदलने की जरूरत है।




**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष ने शिवगंगा समग्र ग्राम विकास परिषद्, झाबुआ, मध्य प्रदेश के गुरूकुल में जनजातीय प्रतिनिधियों मुख्यत: विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श की।**

Harsh Chouhan

हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India

**7. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने दिनांक 19 नवम्बर, 2021 को इंदौर, मध्य प्रदेश में एक सामाजिक समारोह का दौरा किया।**



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष ने इंदौर के एक सामाजिक आयोजन में सुश्री मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, महापौर, इंदौर (मध्य प्रदेश) के साथ विचार-विमर्श किया, जहां उन्होंने विकास के विभिन्न मुद्दों और जनजातीय विद्यार्थियों द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों और इससे कैसे निपटा जाए आदि मुद्दों पर चर्चा की। माननीय महापौर ने उठाये गए मुद्दों को प्राथमिक रूप से समाधान करने का आश्वासन दिया।

Harsh Chouhan

**(हर्ष चौहान)**
**अध्यक्ष**

हर्ष चौहान/HARSH CHOUHAN
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi